# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

### संकल्प

संख्या–15/परिवाद (सीतामढ़ी) 13–178/2023– (15)/रा0, पटना–15, दिनांक–...............

परिवादी श्री जय किशोर साह दिनांक–12.09.2023 का आवेदन विभाग को प्राप्त हुआ, जिसमें श्री संदीप कुमार, राजस्व अधिकारी–सह–प्रभारी अंचल अधिकारी, सोनबरसा, सीतामढ़ी द्वारा दाखिल–खारिज वाद सं0–3327/2019–20, 2880/2020–21 तथा 3134/2021–22 को अस्वीकृति करने के उपरान्त मामला स्वत्व वाद में सन्निहित रहने एवं राजस्व कर्मचारी के प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा को दरकिनार करते हुए दाखिल–खारिज वाद सं0–2146/2023–24 को स्वीकृत करने संबंधी आरोप प्रतिवेदित किये गये है।

2. उपरोक्त आरोपों के आलोक में विभाग स्तर पर आरोप पत्र का गठन कर विभागीय पत्रांक–809(15) दिनांक–03.05.2024 द्वारा श्री संदीप कुमार से लिखित अभिकथन/स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिसके आलोक में श्री कुमार द्वारा दिनांक–09.10.2025 से स्पष्टीकरण विभाग में समर्पित किया गया।

3. गठित आरोप पत्र में प्रतिवेदित शिकायतों एवं आरोपी पदाधिकारी से प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरान्त अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा पाया गया कि श्री संदीप कुमार, राजस्व अधिकारी–सह–प्रभारी अंचल अधिकारी, सोनबरसा की कोई गलती नहीं है, उसका कारण यह है कि परिवादी श्री जय किशोर साह जो सरकारी भूमि पर निजी विद्यालय बनाये है उसका अतिक्रमण हटाने का प्रयास प्रभारी अंचल अधिकारी द्वारा किया गया।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में आरोपी पदाधिकारी के विरूद्ध गठित आरोप पत्र पर अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा समीक्षोपरान्त स्पष्टीकरण को स्वीकार करते हुए आरोप–प्रकरण को "संचिकास्त" किये जाने का निर्णय लिया गया है।

4. अतएव अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री संदीप कुमार, राजस्व अधिकारी–सह–प्रभारी अंचल अधिकारी, सोनबरसा, सीतामढ़ी के विरूद्ध आरोप प्रकरण को **"संचिकास्त"** किया जाता है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

ह0/–

**(संजय कुमार सिंह)**
**सरकार के उप सचिव।**

ज्ञापांक:–15/परिवाद (सीतामढ़ी) 13–178/2023–..................... (15)/रा0, पटना–15, दिनांक–...............

ई–मेल/
निबंधित

प्रतिलिपि :– समाहर्त्ता, सीतामढ़ी/ श्री संदीप कुमार, राजस्व अधिकारी, अंचल कार्यालय–सुपौल सदर, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

**(संजय कुमार सिंह)**
**सरकार के उप सचिव।**



D:\2025_jiten\Dand (Order)_25 Sankalp\Sandeep kumar _CO (sonbarsa_sitamadhi)_ Aarop Mukt sanchikast.doc

ज्ञापांकः—15/परिवाद (सीतामढ़ी) 13—178/2023—.......10...........(15)/रा0, पटना—15, दिनांक—02/01/26

प्रतिलिपि :—माननीय उपमुख्यमंत्री—सह—विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना (**मूल प्रति में**)/प्रधान सचिव के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/अपर सचिव, प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा—3/आई0टी0/मैनेजर (विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ), राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

02/01/26
(संजय कुमार सिंह)
सरकार के उप सचिव।